सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी(राजस्थान) 333031

सं. 35/10/2011-राभा दिनांक – 6 फरवरी, 2018

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में अर्ध-दिवसीय प्रशासनिक हिन्दीकार्यशाला का आयोजन ।

संस्थान में सीएसआईआर मुख्यालय के दिशानिर्देशानुसार समय-समय पर हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 22 नवंबर, 2017 की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन तथा सीएसआईआर के पत्र सं. 15-1(152)2017-vig, दिनांक – 12/15 जनवरी, 2018 के अनुसार संस्थान में सहकर्मियों के लाभार्थ प्रशासनिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सहकर्मियों को भारत सरकार/सीएसआईआर के नियमों/प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला के विषय एवं वक्ता आदि संबंधी जानकारी निम्नवत हैं -

आयोजन की तिथि	–	13 फरवरी, 2018
समय	–	अपराह्न 2.30 बजे से
स्थान	–	पुराना सभागार

	विषय	**वक्ता/संकाय सदस्य**
i)	निविदा प्रक्रिया (Tendering Process)	भंडार एवं क्रय अधिकारी/अनुभाग अधिकारी(क्रय)
ii)	नए सामान्य वित्तीय नियम (New GFR)	वित्त एवं लेखा अधिकारी
iiii)	सतर्कता (Vigilance)	प्रशासन नियंत्रक/अनुभाग अधिकारी (स्था. 1)

कार्यशाला का उद्देश्य सहकर्मियों को उपर्युक्त विषयों की जानकारी देना व इनके संबंध में जागरूक करना है। इस अर्ध-दिवसीय कार्यशाला में संस्थान के सभी प्रशासनिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहकर्मी आमंत्रित हैं। सभी सहकर्मियों से अनुरोध है कि कार्यशाला में उपस्थित हो कर इन महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों। कृपया समय पर पुराना सभागार में पहुँचना सुनिश्चित करें।

(रमेश बौरा)
हिदी अधिकारी

प्रतिलिपि –

1. निदेशक कार्यालय
2. प्रशासन नियंत्रक
3. रा.का.स. के सभी सदस्य
4. सभी क्षेत्र समन्वयक(एरिया कोऑर्डिनेटर)/विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष – कृपया इसे अपने अधीनस्थ सहकर्मियों की जानकारी में ला दें।
5. सुरक्षा अधिकारी – ऑडिटोरियम में आवश्यक व्यवस्था के लिए ।
6. श्री राकेश सेठी/श्री घनश्याम दास – पीए सिस्टम/फोटोग्राफी/उद्घोषणा की व्यवस्था के लिए।
7. प्रभारी, एन एम सी – वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।
8. सूचना पट्ट